E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 17–विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319 / 2016........11057

प्रेषक,

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

M/s IIC Technology,
Hyderabad.

पटना, दिनांक :– 20-10-2020

विषय :– प्रथम चरण में विशेष सर्वेक्षण कार्य के लिए चयनित जिलों में कार्यालय नहीं खोलने एवं आवश्यकतानुसार कर्मी एवं संसाधन उपलब्ध नहीं कराने के सम्बन्ध में

महाशय,

उपर्युक्त विषयक भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आदेश संख्या– 1600 दिनांक– 29.09.2019 द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्य के लिए राज्य के बीस जिलों को कार्य प्रारम्भ करने के लिए चयनित किया गया था। इन बीस जिलों में बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, कटिहार, पूर्णियां, किशनगंज, अररिया, शिवहर एवं सीतामढ़ी जिला आपको आवंटित है। वर्त्तमान में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा विभिन्न जिलों के लिए प्राधिकृत वरीय नोडल पदाधिकारी द्वारा दिए गए प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि आपके द्वारा उपर्युक्त जिलों में मात्र बेगूसराय, लखीसराय एवं खगड़िया में एजेंसी का कार्यालय खोला गया है, जबकि अन्य जिलों कार्यालय नहीं खोला गया है। आपके कार्यो की समीक्षा से स्पष्ट है कि प्रथम चरण के लिए आपको आवंटित 11 जिलों में से 47 अंचलों में 112 शिविरों अंतर्गत 2872 राजस्व ग्रामों के लिए आपके द्वारा मात्र 15 ई0टी0एस0 मशीन उपलब्ध कराये गये है। स्पष्ट है कि ई0टी0एस0 मशीन, कर्मी की उपलब्धता एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता आवश्यकतानुसार नहीं हैं। इस कारण जिलों में विशेष सर्वेक्षण कार्य बाधित है।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अन्दर आपको आवंटित सभी जिलों में एजेंसी का कार्यालय खोलने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं शिविरों में कार्यरत अमीनों को आवश्यकतानुसार संसाधन एवं कर्मी उपलब्ध कराया जाए अन्यथा विशेष सर्वेक्षण कार्य में हो रही बाधा एवं सरकार को होनेवाली वित्तीय क्षति का दायित्त्व आपकी एजेंसी का होगा।

विश्वासभाजन

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 17–विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319 / 2016......11057..........**पटना, दिनांक** :– 20-10-2020

प्रतिलिपि :– समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, कटिहार, पूर्णियां, किशनगंज, अररिया, शिवहर एवं सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 17–विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319 / 2016......11057..........**पटना, दिनांक** :– 20-10-2020

प्रतिलिपि :– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जिलों के लिए प्राधिकृत सभी वरीय नोडल पदाधिकारी/निदेशालय के स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319 / 2016........11057..............**पटना, दिनांक** :–..20-10-2020
प्रतिलिपिः– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0, डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप के निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु एवं सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319 / 2016......11057..............**पटना, दिनांक** :–..20-10-2020
प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप